परिशिष्ट–तीन

मुख्य परीक्षा

अनिवार्य विषयों के लिये पाठ्यक्रम

सामान्य अध्ययन

प्रश्न पत्र – प्रथम

1. आधुनिक भारत का इतिहास एवं भारतीय संस्कृति

19 वीं शताब्दी के लगभग मध्य से आधुनिक भारत के इतिहास की कालावधि रहेगी, जिसमें महत्वपूर्ण व्यक्तियों जिन्होनें स्वतंत्रता आन्दोलन एवं सामाजिक सुधारों में योगदान दिया पर प्रश्न होंगे। भारतीय संस्कृति से संबंधित अंश में प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक भारतीय संस्कति के समस्त आयाम शामिल होंगे।

2. भारत का भूगोल

इसमें भारतीय भूगोल के भौतिक, आर्थिक एवं सामाजिक भूगोल से संबंधित प्रश्न होंगे।

3. भारतीय राजनीति

इसमें भारतीय संविधान, राजनैतिक व्यवस्था, भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित प्रश्न होंगे।

4. समसामयिक राष्ट्रीय मुददे

इसमें समसामयिक राष्ट्रीय मुददों के प्रश्न होंगे।

5. अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएँ

इसमें विश्व की महत्वपूर्ण घटनाओं एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से संबंधित प्रश्न होंगे।

6. भारतीय अर्थव्यवस्था

इसमें भारतीय योजनाएँ एवं आर्थिक विकास, अर्थ व्यवस्था, व्यापार सेवायें, विदेश व्यापार तथा वित्तीय संस्थाएँ आई. एम. एफ. (I.M.F.) विश्व बैंक (World Bank), डब्ल्यू. टी. ओ. (W.T.O..) एवं एशियन विकास बैंक (।.D.B.) की भूमिका और कार्य से संबंधित प्रश्न होंगे।

7. विज्ञान एवं प्रौधोगिकी, दूरसंचार एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में विकास

इसमें विज्ञान, एवं प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एवं अंतरिक्ष तथा कम्प्यूटर संबंधी मौलिकविचारों पर प्रश्न होंगे।

8. भारत और विश्व

इसमें विश्व के देशों के साथ भारत के संबंधों का विवरण एवं विदेशी रिश्तें, बाहय सुरक्षा संबंधित विषय तथा परमाणु नीति, विश्व के परिप्रेक्ष्य में भारत की भूमिका से संबंधित प्रश्न होगे।

9. खेलकूद

इसमें अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद एवं विभिन्न पुरस्कार तथा खेलकूद संबंधित विशेष भारतीय व्यक्तित्वों के बारे में प्रश्न होंगे।

10. भारतीय कृषि

भारतीय कृषि एवं विभिन्न पैदावार, श्वेत क्रांति, हरित क्रांति,कृषि उत्पादन तथा भारतीय ग्रामीण अर्थ व्यवस्था पर उनके प्रभाव से संबंधित प्रश्न होगे।

11. अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम) 1989 एवं सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (1955 का 22)

12. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993।

सामान्य अध्ययन

प्रश्न पत्र – द्वितीय

खंड – अ

मध्यप्रदेश का सामान्य परिचय

1. भूगोल

मध्यप्रदेश का सामान्य परिचय, क्षेत्र, भूस्वरूप एवं संरचना, भौतिक एवं भौगोलिक क्षेत्र तथा जलवायु।

2. मध्यप्रदेश के प्राकृतिक संसाधन

1. खनिज संपदा
2. वन संपदा एवं वन जीवन
3. कृषि एवं पशुपालन रू फसलों का क्षेत्रीय वितरण, कृषि का योजनाबद्ध विकास, हरित क्रांति, पशुधन का विकास।
4. जल संसाधन : सिंचाई का विकास एवं सिंचाई परियोजनाएँ।

3. मानव संसाधन

जनसंख्या, जनसंख्या घनत्व, शहरी एवं ग्रामीण जन संख्या, साक्षरता एवं श्रमशक्ति।

4. उर्जा संसाधन

इसमें परंपरागत एवं अपरंपरागत उर्जा के संसाधन तथा उनके मानवीय जीवन में उपयोग से संबंधित प्रश्न होंगे।

5. उद्योग

इसमें प्रदेश के उद्योगों के प्रकार एवं आकार तथा उनके राज्य की अर्थ व्यवस्था पर प्रभाव से संबंधित प्रश्न होंगे।

6. पर्यावरण

पर्यावरण एवं उनके संरक्षण, प्रदूषण, प्राकृतिक आपदा तथा इनका मानवीय जीवन की गुणवत्ता पर होने वाले प्रभावों से संबंधित प्रश्न होंगे।

7. योजनाएं एवं मूल्यांकन

इसमें पंचवर्षीय योजनाओं के अभी तक के विभिन्न पहलूओं, विभिन्न कार्यक्रमों जो शहरी एवं ग्रामीण विकास के सबंध में हो तथा आर्थिक योजनाओं के मूल्यांकन तथा देश के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश की सापेक्षित स्थिति से संबंधित प्रश्न होंगे।

8. मध्यप्रदेश की प्रशासनिक संरचना

इसमें मध्यप्रदेश की विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों जैसे संभाग, जिला, तहसील एवं विकास खण्डों का आपसी संबंध एवं प्रशासनिक संरचना से संबंधित अभ्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण करना होगा।

9. ग्रामीण एवं शहरी प्रशासनिक संरचना

पंचायती राज, नगर पालिका एवं नगर निगम की संरचना एवं प्रशासनिक ढ़ांचे से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न अभ्यार्थियों से पूछे जायेगें।

10. खेलकूद

विविध खेलकूद के लिये संगठन, प्रबंधन एवं सुविधाओं से संबंधित अभ्यार्थियों की जागरूकता का परीक्षण करना होगा। इसमें मध्यप्रदेश के राजकीय पुरस्कारों, व्यक्तित्वों एवं शासकीय तथा अशासकीय संगठनों के योगदान से संबंधित प्रश्न होंगे।

खंड – ब

मध्यप्रदेश की संस्कृति , साहित्य, संगीत , नृत्य ,कला एवं इतिहास ,

1. मध्यप्रदेश की संस्कृति

प्रकृति, प्रकार एवं मुख्य–मुख्य बातें तथा मानव जीवन पर उनके प्रभाव से संबंधित प्रश्न होंगे।

2. साहित्य

1. प्राचीन – कालिदास , भृतहरि, भवभूति व बाणभट्ट।
2. मध्यकालीन – केशव पद्माकर , भूषण।
3. आधुनिक – पं. माखनलाल चतुर्वेदी , सुभद्राकुमारी चौहान, गजानन माधव मुक्तिबोध , बालकृष्ण शर्मा , ष्नवीनष् भवनीप्रसाद मिश्र , हरिशंकर परसाई , शरद जोशी , मूल्लारामोजी ,डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन तथा नंद दुलारे बाजपेयी।
4. लोक साहित्य – मध्यप्रदेश की बोलियॉ। ईसूरी तथा सिगांजी।

3. संगीत एवं नृत्य परम्परा

1. संगीत परम्परा – तानसेन , उस्ताद अलाउदीन खॉ , उस्ताद हाफिज अली खॉ , पंडित किशनराव , शंकर पंडित , राजाभैया पूछवाले , उस्ताद अमीर खॉ , कुमार गंधर्व , महाराज चक्रधरसिंह, पंडित कार्तिकराम।
2. नृत्य परम्परा – लोक संगीत की प्रमुख शैलिया , प्रमुख लोक नृत्य।

4. कलायें

सामान्य प्रवृत्ति के प्रश्नों में भित्ति चित्रकला , लोक चित्रकला , आधुनिक चित्रकला के घराने एवं प्रमुख चित्रकार शामिल होंगे। इसमें प्रमुख लोक कलाओं एवं अन्य विभिन्न रंगमचो से संबंधित प्रश्न भी होंगे।

5. प्रमुख अनुसूचित जनजाति

प्रमुख अनुसूचित जन जातियों के नाम , अभिलक्षण , अधिवास , मुख्य मेले एवं तीज त्यौहार तथा सांस्कृतिक संरचना से संबंधित सामान्य ज्ञान के मूल्यांकन के लिये प्रश्न पूछे जायेंगे। इसमें म.प्र. शासन के व्दारा अनुसूचित जनजातियों के उत्थान से सबंधित कार्यक्रमों पर भी प्रश्न होंगे।

6. संस्कृति के क्षेत्र में म.प्र. शासन के कार्यक्रम

अभ्यार्थियों से साहित्यिक अकादमियों एवं संस्थानों से संबंधित सामान्य ज्ञान के मूल्यांकन के लिये प्रश्न पूछे जायेंगे। संगीत तथा चित्रकला के विविध घराने से संबंधित तथा संस्कृति मेलों से संबंधित प्रश्न होंगे। साहित्य ,संगीत एवं ललितकलाओं में प्रमुख योगदान के लिये शासन व्दारा दिये जाने वाले विभिन्न पुरूस्कारों से संबंधित प्रश्न होंगे।

7. पुरातात्विक विरासत

प्रमुख ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थानों से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न होंगे।

8. मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

मध्यप्रदेश का गठन , मध्यप्रदेश के प्रमुख राजवंशों एवं शासकों पर प्रश्न होंगे। इसमें स्वतंत्रता आन्दोलन में मध्यप्रदेश के योगदान पर भी प्रश्न होंगे।

सामान्य हिन्दी

प्रश्नपत्र – तृतीय

इस प्रश्नपत्र का स्तर स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों के समकक्ष होगा। इसका उद्देश्य उम्मीद्वार की पढ़ने, समझने और लेखन की योग्यता एवं हिन्दी में स्पष्ट तथा सही विचार व्यक्त करने की जाँच करना हैं।
सामान्यतः निम्नलिखित विषयों पर प्रश्न पूछे जायेंगे।

(क) (1) दिये गए वाक्यों का व्यापक अर्थ (शब्द सीमा 50 शब्द)
(2) सन्धि, समास व विराम चिन्ह

(ख) संक्षेपण

(ग) प्रारूप लेखन – शासकीय व अर्धशासकीय पत्र, परिपत्र, प्रपत्र, विज्ञापन, आदेश, पृष्ठांकन, अनुस्मारक (स्मरण पत्र), अधि सूचना, टिप्पण लेखन – (कोई दो)

(घ) प्रयोग, शब्दावली तथा प्रारंभिक व्याकरण
(1) प्रशासनिक पारिभाषिक शब्दावली (हिन्दी व अंग्रेजी)
(2) मुहावरे अथवा कहावतें
(3) विलोम शब्द एवं समानार्थी शब्द
(4) तत्सम–तद्भव शब्द
(5) पर्यायवाची शब्द
(6) शब्द युग्म

(ड़ं) (1) निबंध लेखन (300 शब्द)
(2) प्रतिवेदन – (प्रशासनिक, विधि, पत्रकारिता, साहित्य व सामाजिक)

(च) अनुवाद (वाक्यों का)
हिन्दी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी

ऐच्छिक विषय

कृषि (कोड संख्या – 01)

प्रश्न पत्र – प्रथम

इस प्रश्न पत्र में दो भाग होंगे

भाग एक, सभी उम्मीद्वारों के लिए अनिवार्य है

भाग दो, इसके दो ऐच्छिक खण्ड (अ एवं ब) होंगे उम्मीद्वार किसी एक खंड को चयनित कर उसके समस्त प्रश्नों के उत्तर दें।

भाग – एक

1. सस्य विज्ञान के मूल तत्व

खरपतवार एवं नींदानाशकों का वर्गीकरण। खरपतवार के प्रकोप से क्षति।
कर्षण, रासायनिक, जैविक एवं समेकित अवधारणा द्वारा खरपतवार प्रबंधन। भूपरिष्करण एवं फसल उत्पादन। फसल उत्पादन में जल उपयोग क्षमता। सिंचाई अनुसूची हेतु मापदण्ड। बहुसस्यन, बहुमंजिला, अनुपद सस्यन एवं अंतरवर्तीय फसल पद्धति के महत्व एवं सिद्धांत।

2. सामान्य उद्यानिकी

उद्यान योजना (मृदा, मौसम, पोषण, सधाई, कटाई एवं छटांई, पुष्पन एवं फलन की समस्याएँ एवं फलन प्रवृति)। बौन्साई। रोपणी प्रबंधन एवं प्रवर्धन विधियाँ। सब्जी बागवानी के प्रकार। सब्जी एवं फलों की देह कार्यिकीय समस्याएँ। प्रमुख फल और सब्जियों के परिरक्षण के सिद्धांत एवं विधियॉ व उनकी प्रसंस्करण तकनीक। लैण्डस्केप, अलंकृत पौध उत्पादन सहित फूल विज्ञान। बागवानी के रेखाकंन एवं डिजाईन।

3. आधारभूत आनुवांशिकी

गुणसूत्र, संगठन एवं कार्य। अर्द्ध सुत्री एवं समसूत्री , कोशिका विभाजन। प्रजनन एवं निषेचन। मेण्डल के प्रयोग एवं आनुवांशिकी सिद्धांत। जीन, अन्योन्य क्रिया, सहलग्नता एवं विनिमय। गुणसूत्रीय, विपथन। कोशिका द्रवीय आनुवांशिकता। गुणात्मक एवं मात्रात्मक लक्षण। निल्सन एहले का प्रयोग। आनुवांशिक द्रव्यों की संरचना एवं प्रतिकृति। जीन अभिव्यक्ति। केन्द्रीय सिद्धांत। जीन अनुलेखन एवं अनुवाद। आनुवांशिक कोड। ओपेरान प्रादर्श। जीन उत्परिवर्तन।

4. फसल सुधार

फसल विविधता के केन्द्र, प्रजनन विधि, पोधौ में विभिन्नता, जर्मप्लाजम नरबंध्यता एवं स्वअनिषेच्यता। संकर ओज एवं अंतः प्रजात ह्रास। फसल सुधार के लिये प्रजनन विधियाँ।

5. पौध संरक्षण

पौध रोगों का वर्गीकरण एवं लक्षण। पौध रोग नियंत्रण के सिद्धांत(उपवर्जन, उन्मूलन, प्रतिरक्षीकरण एवं संरक्षण)। कीटनाशकों एवं सूत्रणों का वर्गीकरण। जैविक नियंत्रण के कारक एवं आधारभूत कदम। समेकित रोग एवं कीटनाशक प्रबंधन। भण्डारण एवं भण्डारित अनाजों के कीट नियंत्रण की मुख्य विधियाँ। कृतंक वर्गीय जीव नियंत्रण विधियाँ। छिड़काव के यंत्र एवं उनका चयन व रख–रखाव। कीटनाशकों के उपयोग के दौरान ली जाने वाली सावधानियाँ। मधु–मक्खी पालन (एपीकल्चर) एवं मशरूम उत्पादन। वैधानिक नियंत्रण – पौध संगरौध एवं कीटनाशक विनियम।

6. आधारभूत कृषि वानिकी

सिल्वीकल्चर एवं कृषि वानिकी, कृषि वानिकी पद्धति का वर्गीकरण, कृषि वानिकी द्वारा पड़त भूमि एवं जल ग्रहण क्षेत्र विकास।

7. फसल कार्यिकी के मूल तत्व

जल एवं पोषक तत्वों का अवशोषण एवं स्थानांतरण। वाष्पोर्त्सजन एवं जल आर्थिकी। प्रकाश संश्लेषण एवं श्वसन। वृद्धि विश्लेषण एवं उसका महत्व। प्रकाश प्रदीप्ति एवं वर्नालाइजेशन। वृद्धि नियामक, परिपक्वता एवं कटाई – उपरांत कार्यिकी (बीज प्रसूप्ति, भण्डारण कार्यिकी एवं फल परिपक्वता)।

8. जैविक खेती

जैविक खेती की परिभाषा , अवयव एवं टिकाउ खेती में इसकी भूमिका जैव उर्वरक, उत्पादन एवं उपयोग। नीम उत्पादकों का फसल संरक्षण में भूमिका। कृषि में सूक्ष्म जीवों की भूमिका।

9. बारानी खेती

टिकाऊ कृषि उत्पादन हेतु बारानी कृषि। बारानी कृषि के विशेष संदर्भ में मृदा एवं जल प्रबंधन।

भाग – दो

इसके दो ऐच्छिक खण्ड (अ एवं ब) होंगे उम्मीद्वार किसी एक चयनित खण्ड में पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर दें

खण्ड – अ

निम्न तालिका में दर्शाई गई मुख्य फसलों के उत्पादन एवं संरक्षण पर आधारित होगा।

मुख्य फसल समूह		
धान्य फसलें	:	गेहूँ, धान, मक्का एवं ज्वार
दलहन फसले	:	अरहर, चना, उडद एवं मूंग
तिलहन फसले	:	सोयाबीन, मुंगफली एवं राई /सरसों
नगदी फसल	:	कपास एवं गन्ना

खण्ड – ब

निम्न तालिका में दर्शाई गई उद्यानिकी फसलों के उत्पादन एवं संरक्षण पर आधारित होगा।

उद्यानिकी फसल समूह		
फल	:	आम, निम्बूवर्गीय, केला एवं पपीता
सब्जी	:	आलू, प्याज, कद्दूवर्गीय, टमाटर, भिण्डी एवं मटर
गोभीयवर्गीय	:	फूलगोभी एवं पत्ता गोभी
पत्तेवाली सब्जियाँ	:	पालक,
फूल	:	गुलाब, गेंदा, शेवंती, एस्टर, गेलार्डिया एवं ग्लेडियोलस
मसाले		लहसून, मिर्ची , मैथी, धनिया

कृषि (कोड संख्या – 01)

प्रश्न पत्र – द्वितीय

1. बीज प्रौद्योगिकी

बीज प्रौद्योगिकी की परिभाषा एवं महत्व। प्रजातियॉ, बीज अंकुरण एवं प्रसुप्ति। रोपण मूल्य। बीज एवं प्रजाति ह्रास। डी.यू.एस. एवं वी.सी.यू. परीक्षण। भौतिक एवं आनुवांशिक शुद्धता। बीज स्वास्थ्य। बीज विधान एवं प्रमाणीकरण। बीजों की श्रेणियाँ। बीज उत्पादन एवं प्रसंस्करण के मूलभूत सिद्वांत।

2. कृषि जैव प्रौद्योगिकी

पौध – ऊतकीय संवर्धन की विधियाँ एंव अनुप्रयोग। डी.एन.ए. आधारित चिन्हक, जीन क्लोनिंग। पुर्नसंयोजन डी.एन.ए. तकनीक हेतु साधन।

3. कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन

कृषि विपणन एवं उसकी समस्याएँ, विपणन मूल्य, लाभ (मार्जिन) एवं क्षमताएँ। भारत में सहकारिता विपणन। एक्जीम नीति एवं निर्यात हेतु प्रक्षेत्र उत्पाद। वैश्वीकरण W.T.O. के संदर्भ में निर्यात में बाधाएं। प्रक्षेत्र प्रबंधन। खेती की पद्धतियाँ, प्रकार एवं उन्हें प्रभावित करने वाले कारक।

4. कृषि प्रसार शिक्षा

ग्रामीण समाज एवं संस्थाएँ। सामाजिक स्तरीकरण एवं संस्कृति की परिभाषा, गुण एवं महत्व। कृषि प्रसार का महत्व। प्रसार प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन का महत्व एवं विधियाँ। स्वतंत्रता उपरांत भारत में ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का महत्व। कृषि नवाचारों का फैलाव एवं संचार। कृषि प्रौद्योगिकी के प्रचार–प्रसार में कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका।आत्मा (ATMA) की भूमिका एवं कार्य।

5. कृषि सांख्यिकी

केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप एवं अपकिरण। सह–संबंध एवं प्रतीपगमन। बिन्दुरेखा एवं चित्र।

6. कृषि में कम्प्यूटर अनुप्रयोग

कम्प्यूटर्स की श्रेणियाँ एवं वर्गीकरण। समंक परिचालन पद्धति। पुस्तकालय प्रकार्य। समंक प्रबंधन।

7. मृदा विज्ञान एवं सूक्ष्म जैविकी

मृदा निर्माण की क्रियाएँ एवं कारक। मृदा वर्गीकरण। मृदा के भौतिक एवं रासायनिक गुण। मृदा उर्वरकता एवं उर्वरक। समेकित पोषण प्रबंधन। समस्यामूलक मृदाएँ एवं उनका प्रबंधन। आवश्यक पौध पोषक तत्व, उनका वितरण, प्रकार्य एवं मृदा में चक्रीकरण। पौध पोषक तत्वों के पुनर्चक्रीकरण में शामिल सूक्ष्म जैविक क्रियाएँ। सहजीवी एवं असहजीवी नत्रजन स्थरीकरण। मृदा जैविक द्रव्य एवं पोषक तत्व चक्रीकरण। मृदा सर्वेक्षण, संरक्षण एवं भूमि उपयोग योजना। क्षरण एवं प्रवाह की क्रियाएँ, कारक एवं उनका प्रबंधन।

8. जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण

प्राकृतिक संसाधन (वन एवं जल) उनका प्रबंधन एवं संरक्षण। पर्यावरणीय प्रदूषण (वायु, जल, मृदा, एवं आण्विक) एवं उससे फसलों को क्षति। ठोस अवशिष्ट प्रबंधन। फसल सुधार में पौध आनुवांशिक संसाधनों की उपयोगिता। जनन द्रव्य संग्रहण एवं संरक्षण।

9. खाद्य विज्ञान एवं खाद्य जीव रसायन

प्रोटीन एवं कार्बोहाइड्रेट की जीव रासायनिकता। एमिनो अम्लों के प्रकार एवं गुण। विटामिनों के प्रकार एवं उनके स्त्रोत। एंजाइम्स का वर्गीकरण एवं उनकी प्रकृति। एंजाइम्स की गतिविधियों को प्रभावित करने वाले कारक। चय उपापचय। प्राकृतिक उत्पादों की रासायनिकता (प्राकृतिक प्रतिजैविक एवं पौध नियामक)।

10. प्रक्षेत्र प्रबंधन

प्रक्षेत्र प्रबंधन की योजना एवं बजटीकरण। टिकाऊ कृषि में कृषि पद्धतियों की भूमिका। कृषि उत्पादन में प्रक्षेत्र यांत्रिकीकरण का महत्व।

पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान (कोड संख्या – 02)

प्रश्न पत्र – प्रथम

1. पशु पोषण

कारबोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा का उपापचय, दूध, मांस, कार्य, अण्डों और उन के अनुरक्षण, वृद्धि तथा उत्पादन की अवेश्रायें। खनिज तथा सूक्ष्म यांत्रिक तत्वों, उपापचय, श्रोत और खनिज तथा सूक्ष्मयांत्रिक तत्वों की भूमिका, वृद्धि तथा उत्पादन, अपूर्णता संलक्षण के लिये उनकी आवश्यकता।

विटामिन उनके स्त्रोत, आवश्यकता और उपापचय तथा अपूर्णता संलक्षण में उनकी भूमिका।

आहार मानक और आहार उर्जा के उपाय। विभिन्न आहार पद्धतियों की सीमाएं, सामान्य और सूखें की स्थिति में पशुधन की आहार पद्धतियां। पशुओं एवं मुर्गियों के दाने में एन्टीबायोटिक, हारमोन एवं अन्य वृद्धिकारक उद्दीपक का मिश्रण उनके उपयोग एवं दुरूपयोग।

पशुआहार का संरक्षण – अवयस्क एवं वृद्धि करने वाले पशुओं की खुराक। कोलोस्ट्रम्स का महत्व। गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाले पशुओं की खुराक।

2. अनुवांशिकी तथा पशु प्रजनन

मेण्डेलीय आनुवांशिकता की प्रयोज्य सामान्यता, हार्डी बिनवर्ग का नियम, बहुरूपता, मात्रात्मक विशेषाकों की आनुवंशिकता, विविधता के आकस्मिक घटक, संबंधियों के बीच जीवंशीकरीय प्रतिरूप और सहप्रकरण, आनुवंशिकी विश्लेषण का पुनरावर्तनीयता योगजों का आकलन, आयोजन और पर्यावरणात्मक प्रकरण। आनुवंशिकी तथा पर्यावरणात्मक अंतः संबंध संगम पद्धतियां ,अंतः प्रजनन, बहिः प्रजनन, अंत प्रजनन मापन, वरण में सहायता, चुने हुए गुणधर्म के लिये प्रजनन, वरण पद्धतियां, वरण सूची, आनुवंशिकी लब्धिकरण में अंतः संबंध अनुक्रिया, व्युत्क्रम, पुनरावर्तीवरण, संकरण, प्रभवी प्रजनन योजना का चयन।

अश्व एवं वन्य प्राणियों के प्रजनन अभिलेख का महत्व, वंशावली पत्रक एवं प्रजनन पुस्तिका की वन्य प्राणियों हेतु उपयोगिता।

पशु प्रक्षेत्र, पशुऔषधालयों में एपीडेमियोलोजी में सांख्यकीय विश्लेषण हेतु कम्प्यूटर का उपयोग।

3. वीर्य गुणवत्ता परीक्षण तथा कृत्रिम रेतन

वीर्य के घटक, शुक्राणुओं की रचना, संविलित वीर्य के रासायनिक और भौतिक गुणधर्म, जीवों और अंत व बाह्य (विट्रो) में वीर्य को प्रभावित करने वाले घटक, वीर्य परीक्षण को प्रभावित करने वाले घटक, तनुकारियों की रचना, सान्द्रता, तनुकरित वीर्य का अभिगमन गायों, भेडों, बकरों, सुअरों और कुक्कुटों मे प्रयुक्त अतिहिमीकरण प्रविधियां।

वीर्य की जैव रासायनिकी, कृत्रिम गर्भादान में प्रयुक्त यंत्रों की देखभाल, जीवाणुहनन एवं भंडारण।

कृत्रिम गर्भादान हेतु सांड का चयन, सुरक्षा प्रशिक्षण एवं देखरेख।

4. पशुधन उत्पादन तथा प्रबंध

भारतीय डेरी उद्योग की उन्नत देशों के डेरी उद्योग से तुलना, मिश्रित कृषि के अंतर्गत तथा विशेषीकृत उद्योग के रूप में डेरी उद्योग, मितव्ययी डेयरी डद्योग, डेरी फार्म प्रारंभ करना, डेरी फार्म का पूँजी तथा भूमि आवीकरता संगठन, माल की अधिप्राप्ति, डेरी उद्योग में अवसर, डेरी पशु की क्षमता निर्धारित करने वाले घटक, समूह अभिलेखन, बजट, व्यवस्था, दुग्ध उत्पादन की लागत, मूल्य नीति, कार्मिक प्रबंध।

वन्य एवं चिड़ियाघरों के प्राणियों का प्रबंधन।

भार ढोने वाले पशुओं का प्रबंधन।

प्रयोगशाला में प्रयुक्त पशुओं का प्रबंधन एवं मत्स्य उत्पादन।

5. दुग्ध प्रौद्योगिकी

ग्रामीण दुग्ध अधिप्राप्ति संगठन, कच्चे दूध का संग्रहण तथा परिवहन, कच्चे दूध की गुणवत्ता परीक्षण तथ श्रेणी निर्धारण, सम्पूर्ण दूध, मखनिया दूध और क्रीम की श्रेणिया।

दुध और दुग्ध उत्पादकों के प्रक्रमण, पैकिंग, संग्रहण, वितरण और विपणन की त्रुटियां, और उनके उपकारी उपाय।

निर्जीवीकृत, मानवीकीकृत, पुननिर्मित, पुनःसंयोजित तथा सुरूचिक दूध के पोषक गुणधर्म।

संबंधित (कल्चरीकृत) दूध तैयार करना संवर्धन (कल्चर) और उनका प्रबंध विटामिन डी अम्लित और अन्य विशेष दूध। स्वच्छ तथा सुरक्षित दूध और दुग्ध संयंत्र उपकरणें के बधिक, मानक तथा स्वच्छता संबंधी अपेक्षाएं।

मक्खन, घी, खोवा, लस्सी, दही, आइसक्रीम एवं पनीर की निर्माण विधियां।

6. स्वास्थ्य विज्ञान

जलवायु और निवास के संबंध में पशु स्वास्थ्य विज्ञान।

स्वास्थ्यकर स्थितियों में तैयार मांस प्रदान करने की दृष्टि से कसाईघर में पशु चिकित्सकों के कर्तव्य तथा भूमिका।

कसाईघर के गौण उत्पाद और उनका आर्थिक उपयोग।

चिकित्सीय उपयोग के लिये हारमोन ग्रंथियों का संग्रहण परीक्षण तथा प्रक्रमण।

पशु आवासों की स्वच्छता, पशु आवासों में वायु प्रदुषण के स्त्रोत एवं इनका पशु के स्वास्थ्य एवं उत्पादन में प्रभाव।

7. विस्तार

विस्तार शिक्षा – भारत में विस्तार शिक्षा का विकास, विस्तार का वर्गीकरण, शिक्षा पद्धति, श्रवणदृश्य सहायता एवं उनका वर्गीकरण। शहरी, उपनगरीय, ग्रामीण समाज के आर्थिक, स्वास्थ्य एवं सामाजिक मनोविज्ञान में पशुओं की भूमिका (प्रक्षेत्र पशु, सहचर पशु एवं खेल में प्रयुक्त पशुओं की भूमिका)।

ग्रामीण स्थितियों में कृषकों के शिक्षित करने के लिये अपनाई गयी विभिन्न पद्धतियां। लाभ विस्तार शिक्षा आदि के लिये निःशुल्क पशुओं का उपयोग।

ट्रायसेम – ग्रामीण परिस्थितयों में शिक्षित युवकों को स्वःनियोजन प्रदान करने की सम्पन्नता तथा पद्धतियां, स्थानीय पशुओं के क्रमोन्नयन की पद्धति के लिये संकरण की पद्धति।

पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान (कोड संख्या – 02)

प्रश्न पत्र – द्वितीय

1. शरीर रचना विज्ञान

बैल और कुक्कुट की शरीर रचना – उतकीय प्रविधियां – हिमीकरण, पैराफिन अंतःस्थापन आदि सामान्य उतरीय अभिरंजक रूधिर फिल्में तैयार करना तथा उनका अभिरंजन (मैमेलियन) उतक विज्ञान।

कोशिका की संरचना तथा कार्य और कोशिका द्रव्यी अवयव, केन्द्रक संरचना : प्लाजमा झिल्ली, सूत्र कणिक्ष, गोल्गी बाडी, एन्डोप्लाज्मिक रेटीकुलम तथा राइबोसोम्स, कोशिका विभाजन : सूत्री विभाजन तथा अर्ध सूत्री विभाजन।

सर्वदैहिक भ्रूण विज्ञान – चूजे, बैल, भैंस, भेंड़, बकरी तथा बिल्ली के भ्रूण के क्रमिक अवस्थानुसार विकास का ज्ञान।

2. शरीर क्रिया विज्ञान

प्रसवपूर्व तथा प्रसवोत्तर वृद्धि। दुग्ध और थन विकास का हारमोन नियंत्रण नर और मादा जनन को प्रभावित करने वाले पर्यावरणात्मक घटक, पर्यावरणात्मक प्रतिबल को कम करने की पद्धतियां। शरीर क्रियात्मक संबंध और उनका विनियम। अनुमूलन तंत्र। पशु व्यवहार में सन्निहित पर्यावरणात्मक घटक तथा नियामक तंत्र, जलवायु संबंधी प्रतिबल के नियंत्रण की पद्धतियां, रूधिरामिकरण, श्वसन, उत्सर्जन, पाचन और जनन संबंध शरीर क्रिया विज्ञान।

आघात, इसकी क्रिया विधि तथा वर्गीकरण, शरीर में उपस्थित द्रव एवं इलेक्ट्रोलाइट संतुलन, हाइपोक्सिया तथा एसिड बेस क्रियाविधि में श्वसन की भूमिका। कुक्कुट में श्वसन।

3. औषध प्रभाव विज्ञान

जठरांत्र, हृदयवाहिका, मूत्र, श्वसन, तंत्रिका तथ जनन तंत्रों और अंतः स्त्रावियों को प्रभावित करने वाली औषधियां के भेषजगुण विज्ञान। जीवाणुओं, प्रोटोजोआ, कवकों, परजीवियों और कीटों के विरूद्ध चिकित्सीय कारक तथा उनका क्रिया तंत्र।

सामान्य आविषाणु यौगिकों और पादप उनका प्रभाव तथा उपचार। पशुओं में केंसर प्रतिरोधी कारको का उपयोग देशी दवाओं का औषध गुण प्रभाव एवं चिकित्सा में गुणकारिता।

4. रोग

जीवाणु, फफूंद, प्रोटाजोवा, विषाणु और परजीवियों द्वारा पशुओं व कुक्कुटों में उनकें कदाचित्क कारकों से संबंधित होने वाले रोग। जानपादिक रोग विज्ञान, लक्षण, निदान, पद्धितियां, उपचार और निवारण। प्राणिरूजीय रोग। कृषि रसायनों तथा वातावरण द्वारा कारित विषाक्तता।

प्रयोगशाला में जाँच हेतु भेजे जाने वाले पदार्थों को एकत्र करने और भेजने की विधि।

प्रतिरक्षा तथा प्रतिरक्षण के सिद्धांत।

जानपादिक रोग विज्ञान के सिद्धांत। पशुमूल के खाद्य पदार्थों (मांस, अंडे, दूध और मछली) का लोक स्वास्थ्य पहलू , उनका निरीक्षण तथा विपणन।

5. शल्य चिकित्सा

पशुओं में निश्चेतन।

शरीर के विभिन्न तंत्रों की सामान्य शल्यक्रिया व्याधियां। आरोग्य, स्वास्थ्य और अभिज्ञान के संदर्भ में चालन विधि के रोग।

विकिरण चिकित्सा विज्ञान के सिद्धांत।

पशुचिकित्सा व्यवसाय में विद्युत चिकित्सा।

फ्लोरोस्कोपिक एवं अल्ट्रासोनोग्राफी द्वारा परीक्षण का परिचय।

6. विधिशास्त्र

पशु चिकित्सा व्यवसाय में विधिशास्त्र, पशुओं के प्रति सामान्य अपराध। दूध और दुग्ध उत्पादों तथा मांस के संबंध में सामान्य अपमिश्रण पद्धतियां और उनका पता लगाना।

जनस्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले अपराधों से संबंधित कानून।
औषधियों में अपमिश्रण करने से संबंधित कानून।
न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने की विधि।
पशुचिकित्सक के वैधानिक कर्तव्य।
पशुचिकित्सक हेतु सदाचार एवं आचरण नियमावली।

प्राणी विज्ञान (कोड संख्या – 03)

प्रश्न पत्र – प्रथम

नानकार्डेटा, एवं कार्डेटा की संरचना, सामान्य संगठन, तथा जैविकी, परिस्थितिकी
व्यवहारिकी, आर्थिक प्राणिविज्ञान तथा उपकरणीय पद्धतियॉ

खंड – अ

1. नानकार्डेटा तथा कार्डेटा

(अ) विभिन्न संघों के उपवर्गो तक का वर्गीकरण तथा संबंध।
(ब) प्रोटोजोआ – पेरामेशियम, मोनोसिस्टिस, प्लाज्मोडियम, ट्रिप्नोजोमा और अमीबा की संरचना, प्रचलन, पोषण, जनन तथा जीवन वृत्त।
(स) पोरीफेरा – सायकोन की संरचना, औतिकी, कंकाल, नालतंत्र तथा जनन।
(द) सीलेन्ट्रेटा – बहुरूपता, रक्षा संरचनाएं तथा उनकी कार्य विधि, प्रवाल भित्तियां तथा उनका निर्माण, मेटाजेनेसिस, ओबिलिया और आरेलिया के सामान्य लक्षण एवं जीवन वृत्त।
(इ) प्लेटिहेलमिंथिस – परजीवी अनुकूलन, फेसिओला तथा टीनिया के सामान्य लक्षण एवं जीवन वृत्त, मानव के साथ उनका संबंध।
(फ) नेमेथेलमेंथिस – एस्केरिस के सामान्य लक्षण, जीवन वृत्त तथा परजीवी अनुकूलन, नेमेथेलमिंथ्स का मानव से संबंध।
(ग) एनीलिडा – सीलोम तथा विखण्डता, निएंथस, फेरिटिमा और हिरूडिनेरिया के सामान्य लक्षण व जीवन वृत्त।
(ह) आर्थोपोडा – प्रान, बिच्छु और काकरोच के सामान्य लक्षण, अंगतंत्र तथ जीवन वृत्त, कीटों के मुखांग (काकरोच, मच्छर, मक्खी, मधुमक्खी व तितली) कीटों में कायांतरण, हर्मोनीनियमन, कीटों में सामाजिक संगठन (दीमक और मधुमक्खी)।
(आई) मोलस्का – यूनियो तथा पाइला में अशन, श्वसन, प्रचलन, सामान्य लक्षण तथा जीवन वृत्त। गेस्ट्रोपोडा में एठन (टार्शन) तथा अव्यावर्तन (डिटार्शन)।
(ज) इकाइनोडर्मेटा – एस्टेरियस के सामान्य लक्षण, अशन, श्वसन, जलपरिवहन तंत्र और प्रचलन।
(क) प्रोटोकार्डेटा – कार्डेटा का उद्‌भव, हर्डमेनिया तथा ब्रेंकियोस्टोमा के सामान्य लक्षण तथा जीवन वृत्त।
(ल) पाइसेस (मत्स्य) – शल्क, श्वसन, प्रचलन तथा प्रवासन, डिपनाई की संरचना तथा बंधुता।
(म) एम्फीबिया – जनकीय देखभाल, नियोटेनी एवं पीडोजेनेसिस।
(न) रेप्टिलिया – मध्यप्रदेश के विषैले एवं विषहीन सर्प। सांपों की दंश विधि।
ओ) एवीज – उड्डयन अनुकूलन तथा प्रवासन।
(प) मेमेलिया – प्रोटोथेरिया तथा मेटाथेरिया की संरचनात्मक विशेषताएं तथा जाति वृत्तीय संबंध।
(क्यू) कशेरूकियों के निम्नलिखित तत्रों का तुलनात्मक, कार्यात्मक शारीर (एनाटामी) –
अध्यावरण तथा इसके व्युत्पाद, अंतः कंकाल (केवल भुजा व मेखलाएं), पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र, परिवहन तंत्र (हृदय तथा महाधमनी चाप मात्र) मूत्र जनन तंत्र, मस्तिष्क तथा ज्ञानेंद्रियां (आंख और कान मात्र)।

खंड – ब

1. पारिस्थितिकी

(अ) जीवन मण्डल, जैव भू–रसायन चक्र, ग्रीन हाउस प्रभाव, ओजोन परत तथा इसका प्रभाव, पारिस्थितिकी अनुक्रम।

(ब) समष्टि – विशेषताएं, समष्टि गतिकी (पापुलेशन डायनेमिक्स), समष्टि स्थिरीकरण।

(स) भारत का वन्य जीवन, इसका रक्षण (कंजर्वेशन), बायोस्फीयर रिजर्व।

(द) पर्यावरण, जैव निम्नीकरण (बायोडिग्रेडेशन), प्रदूषण तथा जीवन मण्डल पर इसके प्रभाव एवं रोकथाम।

2. व्यवहारिकी

(अ) व्यवहार : लर्निंग, इंस्टिंक्ट, हेबीचुएशन, कंडीशनिंग और इमप्रिंटिंग।

(ब) चालन (ड्राइव) में हार्मोन की भूमिका, संचेतन प्रसार में फेरोमोन की भूमिका, कीटों तथा प्रायमेट में सामाजिक व्यवहार, प्रणय व्यवहार (ड्रासोफिला, थ्री स्पाइन, स्टीकल बेक तथा पक्षी में)।

(स) बायोलाजिकल क्लॉक, सरकेडियन रिदम।

3. आर्थिक प्राणिविज्ञान

(अ) मधुमक्खी, रेशम कीट, लाख कीट, कार्प, सीप तथा झिंगा पालन।

(ब) प्रमुख, संक्रामक एवं संचरणीय रोग (चेचक, प्लेग, मलेरिया, क्षय रोग, हैजा और एडस) इनके वाहक, रोगाणु तथा रोकथाम।

(स) मनुष्य से संबंधित कीट एवं रोग।

4. उपकरणीय पद्धतियॉ

(अ) पी.एच. मीटर का अध्ययन।

(ब) क्रोमेटोग्राफी (पेपर तथा थिन लेयर)।

(स) माइक्रोटोमी।

(द) फिक्सेटिव, स्टेन तथा रिएजेन्ट्स के बनाने की विधि।

(इ) म्यूजियम की देखभाल और रख–रखाव।

(ई) कंकाल बनाना तथ टेक्सीडर्मी।

प्राणी विज्ञान (कोड संख्या – 03)

प्रश्न पत्र – द्वितीय

कोशिका विज्ञान, अनुवांशिकी, जैव विकास, वर्गीकरण, जीवरसायन, कार्यकी और भ्रूणिकी

खंड – अ

1. कोशिका विज्ञान

अ. कोशिका तथा उसके अंगको की संरचना एवं कार्य (केन्द्रक, प्लाज्मा झिल्ली, माइटोकोंड्रिया, गोल्जीकाय, एंडोप्लाज्मिक रेटिक्यूलम, राइबोजोम, लाइजोसोम)
कोशिका विभाजन (समसूत्री तथा अर्द्धसूत्री) कोशिका चक्र।

ब. डी0एन0ए0 का वाटसन क्रिक मॉडल, डी0एन0ए0 का रिप्लीकेशन,

स. प्रोटीन संश्लेषण

द. सेल फ्यूजन

2. अनुवांशिकी तथा जैव तकनीक

अ. जेनेटिक कोड

ब. ड्रासोफिला तथा मानव में लिंग गुणसूत्र तथा लिंग निर्धारण

स. मेंडल के वंशागति नियम, पुनर्योजन (रिकांबिनेशन), सहलग्नता तथा क्रासिंग ओवर, बहुयुग्म विकल्पी, रूधिर समूहों की वंशागति

द. उत्परिवर्तन तथा उत्परिवर्तजनन– विकरणीय और रसायनिक

इ. क्लोनिंग टेकनीक, वाहकों के रूप में प्लाज्मिड तथा कास्मिडस, ट्रांसजेनिक्स, ट्रांसपोजोन्स, डी0एन0ए0 क्रम, क्लोनिंग तथा पूर्ण प्राणी क्लोनिंग (सिद्धांत तथा क्रिया पद्धति)

फ. प्रो तथा यू केरियोट्स मे नियमन तथा जीन अभिव्यक्ति

ग. मानव के जन्मजात रोग

ह. डी0एन0ए0 फिंगर प्रिंटिंग

3. जैव विकास तथा वर्गीकरण

अ. जीवन की उत्पत्ति

ब. लेमार्क तथा उनका कार्य

स. डार्विन तथा उनका कार्य

द. जैव विभिन्नता के स्त्रोत तथा प्रकृति

इ. प्राकृतिक वरण

फ. पृथक्करण

ग. जाति तथा उपजाति की अवधारणा, वर्गीकरण के सिद्धांत, प्राणि नामतंत्र तथा अंतर्राष्ट्रीय. संकेत, क्लेडिस्टिक

ह. जीवाष्म ,

आई. भूगर्भीय महाकल्प

ज. जीवाष्म ,

क. प्राणियों का वितरण, विश्व के प्राणि भौगोलिक परिमंडल

खंड – ब

1. जैव रसायन

अ. कार्बोहाइड्रेट, वसा, लिपिड, प्रोटीन, एमीनोएसिड तथा न्यूक्लिक एसिड की संरचना और भूमिका

ब. ग्लायकोलाइसिस, एवं क्रेब चक्र, आक्सीकरण व अपचयन, आक्सीकरणीय फास्फोरिलेशन, उर्जा संरक्षण तथा विमोचन, एटीपी, चक्रीय ए0एम0पी0 – इसकी संरचना और भूमिका

स. हार्मोन तथा उनके कार्य

द. एंजाइम – क्रिया के प्रकार तथा क्रिया विधियां, को एंजाइम

इ. इम्यूनो ग्लोबिन तथा रोध क्षमता

2. कार्यिकी (स्तनधारियों के संदर्भ में)

अ. रक्त का संगठन व रचक, स्कंदन–क्रिया व कारक, ताप नियमन, मानव में रूधिर समूह तथा आर . एच . कारक

ब. आक्सीजन तथा कार्बनडाय आक्साइड का परिवहन, हीमोग्लोबिन – इसके रचक तथा गेसों के परिवहन में इसके नियमन की भूमिका।

स. पोषणीय आवश्यकताएँ, पाचन में – लार ग्रंथी, यकृत, अग्नाशय तथा आंत्र ग्रंथियों की भूमिका, तथा अवशोषण।

द. उत्सर्जी उत्पाद, नेफ्रान तथा मूत्र विचरन का नियमन, परासरण नियम।

इ. पेशियों के प्रकार, कंकाल पेशियों की संकुचन की क्रिया विधि।

फ. न्यूरान, तंत्रिका आवेग – उसका चालन तथा अंतर्ग्रथनीय संरचण, न्यूरो ट्रांसमीटर्स

ग. मानव में दृष्टि, श्रवण तथा घ्राण बोध

ह. हार्मोन क्रिया की क्रियाविधि।

आई. जनन की कार्यिकी, जनन में हार्मोन की भूमिका।

3. भ्रूणिकी

अ. युग्मक जनन, निषेचन, अंडों के प्रकार, विदलन, ब्रेंकियोस्टोमा, मेंढक तथा मुर्गी में गेस्ट्रुलेशन तक का परिवर्द्धन, मेंढक में कायांतरण. मुर्गी तथा स्तनीयों में बाहय भ्रूण झिल्ली की संरचना तथा कार्य. स्तनधारियों में प्लेसेंटा के प्रकार तथा कार्य.

ब. पीडोजेनेसिस तथा नियोटेनी

स. वृद्धि, पुनरोधभवन (रिजनरेशन) और जीर्णता

द. इनविट्रो फर्टीलाइजेशन, एम्ब्रियो ट्रांसफर और क्लोनिंग।

वनस्पति विज्ञान (कोड संख्या – 04)

प्रश्न पत्र – प्रथम

सूक्ष्म जैविकी, रोग विज्ञान, पादप समूह, आवृत्तबीजी पौधों की बाह्य आकारिकी, आंतरिक रचना, वर्गिकी और भ्रूण शास्त्र

1. सूक्ष्म जैविकी

विषाणु, फायटोप्लाज्मा (मायकोप्लाज्मा), जीवाणु, सायनो जीवाणु की रचना, वर्गीकरण, प्रजनन एवं आर्थिक महत्व। उद्योग एवं कृषि में जीवाणु की उपयोगिता।

2. पादप रोग विज्ञान

कवकों से होने वाले पादप रोगों की जानकारी, संक्रमण की विधियाँ और नियंत्रण के उपाय।

3. पादप विविधता (पादप समूह)

शैवाल, कवक, ब्रायोफाईट्स, टेरीडोफाईट्स एवं जिम्मनोस्पर्मस् की रचना, प्रजनन, जीवन वृत्त, वर्गीकरण एवं आर्थिक महत्व।

4. आवृत्तबीजी पादप

उतक एवं ऊतकतंत्र, मूल, तना एवं पत्ती की आकारिकी एवं आंतरिक रचना, विकास के पहलू एवं असंगत प्राथमिक एवं द्वितीयक रचनाएँ। पुष्प की आकारिकी, पुंकेसर एवं बीजाण्ड की रचना, लघु बीजाणुजनन एवं गुरूबीजाणुजनन, निषेचन एवं भ्रूण परिवर्धन। बीज का परिवर्धन।

5. वर्गिकी

आवृत्तबीजी पादपों के नामकरण एवं वर्गीकरण के सिद्धांत, वर्गिकी की आधुनिक प्रवृत्तियॉ, निम्नलिखित कुलों की सामान्य जानकारी, रेननक्युलेसी, ब्रासीकेसी, मालवेसी, रूटेसी, फेबेसी (लेग्युमिनोसी), एपीएसी, एपोसायनेसी, एस्क्लेपीएडेसी, सोलेनेसी, लेमिएसी, युफोरबिएसी, लिलीएसी एवं पोएसी, वनस्पतिक उद्यान।

वनस्पति विज्ञान (कोड संख्या – 04)

प्रश्न पत्र – द्वितीय

कोशिका जैविकी, आनुवंशिकी तथा विकास, कार्यिकी, पारिस्थितिकी तथा आर्थिक वनस्पति विज्ञान

1. कोशिका जैविकी

कोशिका एक संरचनात्मक एवं कार्यात्मक, ईकाई, प्रोकेरिओटिक एवं यूकेरिओटिक कोशिका; जीवद्रव्यकला, अंतःद्रव्यी जालिका, सूत्र कणिका, राइबोसोम्स, हरितलवक तथा केन्द्रक की परासंरचना एवं कार्य; गुणसूत्र की संरचना, रासायनिक प्रकृति एवं समसूत्री तथा अर्द्धसूत्री विभाजन के दौरान व्यवहार; विशेष प्रकार के गुणसूत्र।

2. आनुवंशिकी तथा विकास

मेंडलवाद, जीन संकल्पना, डी.एन.ए. तथा आर.एन.ए. की रचना एवं प्रकार, आनुवंशिक कूट, प्रोटीन संश्लेषण तथा नियमन; जैव विकास के सिद्धांत एवं प्रमाण।

3. पादप कार्यिकी

पानी का अवशोषण तथा संवहन, वाष्पोत्सर्जन, खनिज पोषण, प्रकाश संश्लेषण, श्वसन, प्रकाशीय श्वसन, विकर, नाईट्रोजन चयापचय तथा किण्वन, वृद्धि, पादप हारमोन और उनके कार्य, दीप्तिकालिता, बीज प्रसुप्ति और अंकुरण।

4. पारिस्थितिकी

पारिस्थितिकी का विस्तार, पारिस्थितिकी कारक, पारिस्थितिकी तंत्र की रचना, कार्य एवं गतिकी, पादप समुदाय और अनुक्रमण, पारिस्थितिकी के अनुप्रयुक्त पहलू जिनमें संरक्षण, प्रदूषण का नियंत्रण तथा प्राकृतिक स्त्रोतों का प्रबंधन/संकटापन्न पौधे, विशेष क्षेत्री पौधे, रेड डाटा बुक, वैश्विक तपन, अम्ल वर्षा एवं ओजोन परत का क्षरण।

5. आर्थिक वनस्पति विज्ञान

पौधे खाद्य, चारा, रेशे, मसाले, पेय पदार्थ, औषधि तथा इमारती लकड़ी के स्त्रोत।

रसायन विज्ञान (कोड संख्या – 05)

प्रश्न पत्र – प्रथम

1. सममिति

सममिति तत्व तथा सममिति संक्रिया, $|B_2$ तथा $|B_3$ अणुओं में बिन्दु समूह सममिति तथा सममिति तत्वों की पहचान करना।

2. परमाणु संरचना

डी ब्रागली के पदार्थ तरंग की कल्पना। हाइजनबर्ग का अनिश्चितता का सिद्धांत। श्रोडिजंर तरंग समीकरण (स्वतंत्र अवधि), Ψ तथा Ψ^2 की सार्थकता। एक विमीय कोष्ठ में कण। क्वाण्टम संख्याएं। त्रिज्य तथा कोणीय तरंग फलन। s,p,d एवं f आर्बिटलों के आकार। आफबो सिद्धांत हुंड का बहुलता नियम। पाली का एक्सक्लूजन नियम। प्रभावकारी नाभिकीय आवेश।

3. रासायनिक बंधन

आयनिक बंध, द्विध्रुव आघूर्ण तथा इलेक्ट्रो ऋणात्मकता के अंतर से प्रतिशत आयनिक लक्षण। आयनिक योगिकों की विशेषताएं। आयनिक यौगिकों के स्थायित्व को प्रभावित करने वाले कारक। जालक उर्जा। बार्न हेबर चक्र। सह संयोजक बंध तथा उनकी सामान्य विशेषताएं। अणुओं के बंध में ध्रुवीयता तथा उनका द्विध्रुव आघूर्ण। संयोजकता बंध सिद्धांत, अनुनाद तथा अनुनाद उर्जा की परिकल्पना। आण्विक आर्बिटल (LCAO विधि)। समान तथा असमान नाभिकीय अणुओं में बंधन : H_2^+, H_2 to Ne_2, NO तथा CO संकरण की धारणा, बंध, बंध कोण तथा बंध लम्बाई के लक्षण। हाईड्रोजन बंध तथा वाण्डरवाल बल। धात्विक बंधन।

4. ठोस अवस्था

ठोस के स्वरूप, अन्तराफलक कोणों की स्थिरता का नियम, क्रिस्टल तंत्र तथा क्रिस्टल वर्ग (क्रिस्टलोग्राफिक समूह) क्रिस्टल फलक, जालक संरचना तथा इकाई सैल अन्तःखण्ड की परिमेयता का नियम। ब्रेग समीकरण। क्रिस्टल द्वारा क्ष–किरण विवर्तन। निकट पेकिंग। अर्ध – व्यास अनुपात का नियम। कुछ सीमापरक अर्ध – व्यास अनुपात मूल्यों की गणना। NaCl, CsCl,And KCl क्रिस्टलो की संरचना। क्रिस्टलों में अपूर्णता। द्रव क्रिस्टल का प्रारंभिक अध्ययन।

5. उष्मा गतिकी

उष्मा गतिकी तंत्र, अवस्था तथा प्रक्रम, कार्य, उष्मा तथा आंतरिक उर्जा। उष्मागतिकी का प्रथम नियम, तंत्र पर किया गया कार्य तथा विभिन्न प्रक्रमों में उष्मा का अवशोषण। केलोरीमिती, विभिन्न प्रक्रमों में उर्जा तथा एन्थैल्पी में परिवर्तन तथा उनकी तापक्रम पर निर्भरता।

उष्मागतिकी का द्वितीय नियम, एण्ट्रॉपी एक अवस्था फलन, विभिन्न प्रक्रमों में एण्ट्रॉपी में परिवर्तन, एण्ट्रॉपी उत्क्रमणीयता तथा अनुत्क्रमणीयता, मुक्त उर्जा फलन, साम्य कसौटी, साम्य स्थिरांक तथा उष्मागतिकी परिमाणों के मध्य संबंध। नर्न्सट उष्मा सिद्धांत तथा उष्मा गतिकी का तृतीय नियम।

उष्मागतिकीय व्युत्पत्ति –

1. गिब्ज हेल्महोल्ट्ज समीकरण
2. द्रव्य अनुपाती का नियम तथा
3. क्लेपरॉन – क्लॉसियस समीकरण।

6. विद्युत रसायन

चालकता तथा उसके निर्धारण के अनुप्रयोग –

1. दुर्बल विद्युत अपघट्य के आयनन स्थिरांक
2. अल्प विलेय लवणों के विलेयता गुणनफल
3. चालकता मूलक अनुमापन

प्रबल विद्युत अपघट्यों की डिबाई ह्युकल सिद्धांत।

गेल्वनिक सेल, सान्द्रता सेल, विद्युत रसायनिक श्रेणी, सेल के विद्युत वाहक बल (E.M.F.) का निर्धारण, इधन सेल तथा बैटरी। इलेक्ट्रोड प्रक्रम, धातु तथा विलाथक की संधि (इंटरफेस) पर द्विक स्तर, आवेश स्थनांतर की गति, दर, विद्युत धारा घनत्व, अधिविभव।

7. रासायनिक बल गतिकी

अभिक्रिया दर की सान्द्रता पर निर्भरता, शून्य, प्रथम तथा द्वितीय कोटि की अभिक्रियाओं के लिये अवकल तथा समकलनीय समीकरण, तापक्रम तथा दबाव का वेग स्थिरांक पर प्रभाव, संघटन तथा संक्रामक अवस्था के सिद्धांत।

8. प्रकाश रसायन

प्रकाश का अवशोषण, उत्तेजित अवस्था का विभिन्न मार्गो से अवनति (विघटन), हाईड्रोजन तथा हेलोजन के मध्य प्रकाश रासायनिक अभिक्रियाएं तथा उनकी क्वाण्टम दक्षताएं।

9. सतह प्रकृति तथा उत्प्रेरण

गैस तथा विलयन का ठोस अधिशोषक पर अधिशोषण, फ्रान्डलिथ तथा लेग्मूर के अधिशोषण समतापी वक्र, सतह क्षेत्रफल का निर्धारण, विषमांग उत्प्रेरण के अभिलक्षण तथा क्रियाविधी।

10. जैव – अकार्बनिक रसायन

जैविक प्रक्रियाओं में आवश्यक तथा सूक्ष्म तत्व। हीमोग्लोबिन तथा मायोग्लोबिन के विशेष सन्दर्भ में मेटेलोपॉर्फिरिन। नाईट्रोजन स्थिरीकरण, प्रोटीन तथा ऑक्सीजन ग्रहण, सायटो क्रोमस तथा फेरीडोक्सिन, क्षारीय तथा क्षारीय मृदा धातुओं का जैविक महत्व।

11. सहसंयोजकता रसायन

(अ) संक्रमण धातु संकुलों में बंध सिद्धांत – संयोजकता बंध सिद्धांत, क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धांत, लिगण्ड क्षेत्र सिद्धांत तथा आण्विक आर्बिटल सिद्धांत।

(ब) संक्रामण धातु संकुलों के चुम्बकीय गुण – चुम्बकीय आघूर्ण (केवल चक्रण तथा L-S युग्मन) व चुम्बकीय आघूर्ण से कक्षक योगदान।

(स) संक्रमण धातु संकुलों के इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा – स्पेक्ट्रोस्कोपिक मूल तथा उत्तेजिक अवस्थाएं इलेक्ट्रानिक संक्रमण के प्रकार, d-d संक्रमण के लिये वरण नियम, रासायनिक वर्ण क्रम श्रेणी d^1 से d^9 अवस्थाओं के लिये आर्गेल उर्जा स्तर चित्र।

(द) उप सह संयोजक यौगिकों में समावयता – उप सह संयोजक यौगिकों का IUPAC नामकरण, 4, 5 तथा 6 उप सह सयोजन संख्या वाले संकरों की त्रिविम रसायन, कीलेट परिणाम तथा बहुल नाभिकीय संकर, ट्रांस प्रभाव एवं इसके सिद्धांत। संकरों का उष्मागतिकीय तथा बलगतिकीय स्थायीत्व।

(इ) कार्बधात्विक रसायन – धातु कार्बोनिल संकरों का संश्लेषण, संरचना तथा बंध की प्रकृति, धातु ओलीफिन संकुल, तथा धातु एल्काइन संकुल, ऑक्सीकारक योग अभिक्रिया।

12. अंतर संक्रमण तत्वों की सामान्य रसायन

लेन्थेनाइड तथा एक्टीनाईड। प्राप्ति प्रथक्करण, ऑक्सीकरण अवस्था, तथा चुम्बकीय गुण, लेन्थेनाईड संकुचन।

रसायन विज्ञान (कोड संख्या – 05)

प्रश्न पत्र – द्वितीय

1. अभिक्रिया की क्रियाविधि

कार्बनिक अभिक्रियाओं की क्रियाविधि के अध्ययन की सामान्य विधियाँ (गतिकीय और अगतिकीय दोनों) और उनके उदाहरण – समस्थनिक का उपयोग, मध्यवर्ती कूटयंत्रण त्रिविम रसायन, सामान्य कार्बनिक अभिक्रियाओं के उर्जा रेखाचित्र, संक्रमण अवस्था एवं मध्यवर्ती, सक्रियण उर्जा, अभिक्रियाओं का गतिकीय नियंत्रण और उष्मागतिकीय नियंत्रण।

2. क्रियाशील मध्यवर्ती

उत्पादन, ज्यामिति, स्थायित्व एवं अभिक्रियाएँ : कार्बोनियम आयन, कार्बेनियन, मुक्त मूलक, कार्बीन एवं बेन्जाईन।

3. अभिक्रियाएँ

एल्डोल संघनन, क्लैशन संघनन, पर्किन अभिक्रिया, नोविनाजेल अभिक्रिया, विटिग अभिक्रिया, वोल्फ – किश्नर अपचयन, कैनीजेरो अभिक्रिया एवं वान रिक्टर अभिक्रिया, बेन्जोइन संघनन, फिशर इन्डोल संश्लेषण, स्क्राय संश्लेषण, सैन्डमेयर अभिक्रिया, रीमर टीमन अभिक्रिया एवं रीफार्मेटस्की अभिक्रिया।

4. संश्लेषित बहुलक

योगात्मक व श्रृखंला वृद्धि बहुलीकरण, मुक्त मूलक वाईनिल बहुलीकरण, आयनिक वाइनिल बहुलीकरण, जीगलर–नाटा बहुलीकरण एवं वाईनिल बहुलक, संघनन अथवा पदवृद्धि बहुलीकरण, पालीएस्टर, पालीएमाईड, फीनाल फार्मेल्डीहाईड रेसिन, यूरिया–फार्मेल्डीहाइड रेसिन, एपाक्सी रेसिन।

5. प्रकाश रसायन

सामान्य कार्बनिक यौगिकों की प्रकाश रासायनिक अभिक्रियाएँ, मूल एवं उत्तेजित अवस्थाएं, एकल एवं त्राटक अवस्थाएं, जैबलोन्स्की रेखाचित्र, सुरदीप्ति एवं प्रतिदीप्ति, क्वांटम दक्षता एवं उर्जा स्थानांतरण प्रक्रिया।

6. कार्बनिक स्पेक्ट्रममिति

पराबैंगनी – दृश्य, अवरक्त तथा नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद, स्पेक्ट्रामिति द्वारा सामान्य कार्बनिक की संरचना निर्धारण करने की प्रश्निकी।

7. विषमचक्रीय यौगिक

पिरोल, फ्युरेन, थायोफीन एवं पिरिडीन का आण्विक कक्षक परिदृश्य एवं एरोमेटिक अभिलक्षण, संश्लेषण की विधियां एवं इलेक्ट्रानस्नेही प्रतिस्थापन के संदर्भ में विशिष्ट रासायनिक अभिक्रियाएं, पिरिडीन, पिपेरीडीन एवं पिरोल की भास्मिकता की तुलना। इन्डोल, क्विनोलीन एवं आईसो क्विनोलीन बनाने की विधियां एवं रासायनिक अभिक्रियाएं।

8. कार्बनिक यौगिकों का त्रिविम रसायन

सममिति के तत्व, किराल एवं एकिराल यौगिक, फिशर प्रक्षेपण सूत्र., लैक्टिक एवं टारटरिक एसिड की प्रकाशिक समावयता, प्रतिबिम्बीय रूपता एवं अप्रतिबिम्बीय रूपता, सापेक्ष एवं निरपेक्ष विन्यास, इथेन, एन–ब्यूटेन एवं साइक्लोहैक्जेन के संरूपण, किराल केन्द्र वाले यौगिकों के डी–एल एवं आर एस संकेतन, दो निकटवर्ती किराल केन्द्र वाले यौगिकों के फिशर प्रक्षेप सूत्र, न्यूमैन प्रेक्षेप सूत्र, साहर्स प्रक्षेप, मीजों एवं डी–एल समावयती, इरिथ्रो एवं थ्रीओ समावयती, रेसिमीकरण और वियोजन, ज्यामितिकीय समावयती, ई और जेड संकेतन।

9. कार्बधात्विक यौगिक

ग्रिग्नार्ड अभिकर्मक एवं अल्काइल लिथियम यौगिकों को बनाने की विधियां एवं संश्लेषण में उपयोग।

10. क्रियाशील मिथिलीन यौगिक

डाइ–इथाइल मैलोनेट एवं इथाइल एसिटोएसिटेट–कार्बनिक संश्लेषण में उपयोग, चलावयता (कीटो – इनाल)।

11. वैश्लेषिक रसायन

मात्रात्मक विश्लेषण में त्रुटियां, त्रुटियों का वर्गीकरण, त्रुटियों का न्यूनतमीकरण, परिशुद्धता तथा यथार्थता, आंकड़ों की सार्थकता, सह अवक्षेपण तथा पोस्ट अवक्षेपण, अवच्क्षेपणों के लिए अनुकूलतम दशा, अम्ल क्षारक अनुमापनों में सूचकों का चयन, सूचकों के सिद्धांत, ई डी टी ए अनुमापन के नियम।
पाइरोलुसाइट, आयोडीमिति, रजत सिक्के, अम्ल क्षारक अनुमापन, रेडाक्स अनुमापन से संबंधित संख्यात्मक प्रश्न।

भौतिकी (कोड संख्या – 06)

प्रश्नपत्र – प्रथम

1. यांत्रिकी एवं आपेक्षिकता

संरक्षीय बल क्षेत्र एवं स्थितिज उर्जा , गुरूत्वीय विभव , केन्द्रीय बलों के अन्तर्गत गति, केपलर के नियम, द्रव्यमान केन्द्र एवं प्रयोगशाला निर्देशांक तंत्र। कोरियोलिस (Coriolis) बल एवं उनके अनुप्रयोग, रेखीय तथा कोणीय संवेग का संरक्षण, जड़त्वीय एवं अजड़त्वीय निर्देश तंत्र। माइकल्सन –मोर्ले प्रयोग और उसके प्रभाव। गैलिलियन रूपांतरण, लॉरेन्ज रूपांतरण, लम्बाई संकुचन, समय विस्तार, वेगों के योग का प्रमेय, वेग के साथ द्रव्यमान का परिवर्तन, द्रव्यमान – ऊर्जा समतुल्यता, कण का शून्य विराम द्रव्यमान।

2. ऊष्मीय एवं सांख्यिकीय भौतिकी

मैक्सवेल के संबंध और उनके अनुप्रयोग। रूद्धोष्म विचुम्बकन व्दारा शीतलन। ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा के आइन्स्टीन एवं डिबाई के सिद्धांत, फोनॉन की अवधारणा। ऊष्मागतिकी का सांख्यिकी आधार, प्रतिबंध, अधिगम्य एवं अनअधिगम्य अवस्थाएँ। नियत कुल ऊर्जा के कणों का विविक्त ऊजौ स्तरों में वितरण। प्रायिकता एवं एन्ट्रोपी, बोल्ट्जमेन का एन्ट्रोपी संबंध, चाल एवं वेग का मेक्सवेलियन वितरण, वर्णक्रमी रेखाओं का डॉप्लर फैलाव।

3. प्रकाशिकी

माइकल्सन व्यतिकरणमापी, फ्रेब्री – पेरॉट व्यतिकरणमापी। होलोग्राफी एवं इसके सामान्य अनुप्रयोग। विवर्तन ग्रेटिंग, अवतल ग्रेटिंग और उसके विभिन्न आरोपण विधियाँ। द्विअपवर्तन, प्रकाशीय ध्रुवण तल का घूर्णन।

4. विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिकी

ए.सी. परिपथ, सम्मिश्र संख्याएँ एवं ए सी परिपथ समस्याओं को हल करने में उनके उपयोग। विद्युत शक्ति का पारगमन, गतिशील आवेश पर लगने वाला चुम्बकीय बल, बायोट् सेवर्ट का नियम, एम्पीयर का नियम, डायोड का सिंद्वात, डायोड के प्रकार एवं उनके अनुप्रयोग, ट्राँज़िस्टर के अभिलाक्षणिक h प्राचल अभिनत स्थायित्व, ऊष्मीय पलायन (Thermal runaway) क्षेत्र प्रभाव ट्रांजिस्टर (FET) : JFET एवं MOSFET, उनकी संरचना, कार्य विधि एवं उपयोग।

5. ध्वनि एवं ध्वनिकी

एकरूपी डोरी में अनुप्रस्थ तरंगों की चाल। किसी तरल में अनुदैर्ध्य तरंगों की चाल, तरंगों में ऊर्जा घनत्व एवं ऊर्जा पारगमन। ध्वनि का विवर्तन, सोनार तंत्र का सिद्धांत, ऋजुरेखन (Ranging), शोर एवं संगीत, तीव्रता एवं प्रबलता ओर इनकी इकाइयाँ, ट्रांसड्यूसर्स एवं इनके अभिलाक्षणिक। ध्वनि का अभिलेखन एवं पुनरूत्पादन। भवन ध्वनिकी, अनुसरण काल, सेबाइन सूत्र।

भौतिकी (कोड संख्या – 06)

प्रश्न पत्र – द्वितीय

1. क्वान्टम यांत्रिकी

डीब्रोगली परिकल्पना , हाइजनबर्ग का p और x के लिये अनिश्चितता् संबंध, इसका ऊर्जा और समय के लिये विस्तार, अनिश्चितता संबंध के परिणाम, गामा किरण सूक्ष्मदर्शी , बॉक्स में कण।

श्रोडिन्जर समीकरण , क्वान्टम यांत्रिकी का अवधारणात्मक आधार, प्रचालक, प्रत्याशा मान, संक्रमण प्रायिकता, एक विभीय व त्रिविभीय बॉक्सों के अन्दर कण का अनुप्रयोग। आवर्ती दौलित्र।

2. परमाण्वीय वर्णक्रम

हाइड्रोजन परमाणु, n , l तथा m क्वान्टम संख्याओं की प्राकृतिक उपलब्धता, संबंधित भौतिक संख्याएँ , बोह्र सिद्वान्त से तुलना।

हाइड्रोजन वर्णक्रम, ड्यूट्रान तथा क्षारीय परमाणु, वर्णक्रमी पद, द्विक सूक्ष्म संरचना, s, p, d तथा f अवस्था वाले क्षारीय वर्णक्रम हेतु आवरणांक (Screening Constants) वरण नियम, भूक्षारीय वर्णक्रम के एकक तथा त्रिक सूक्ष्म संरचनाएँ। L-S युग्मन, J-J युग्मन, हाइड्रोजन परमाणु की सूक्ष्म संरचना।

3. आण्विक वर्णक्रम एवं स्पेक्ट्रोस्कोपी

अणुओं के इलेक्ट्रॉनिक ऊर्जाओं के विविक्त स्तर , काम्पनिक तथा घूर्णिक ऊर्जाओं के क्वान्टिकरण, अन्तरनाभिकीय दूरी का मापन, शुद्व घूर्णी तथा घूर्णी– काम्पनिक वर्णक्रम, मूल तथा अन्य इलेक्ट्रानिक स्तरों की अपघटन सीमाएँ, शुद्व काम्पनिक तथा इलेक्ट्रानिक काम्पनिक वर्णक्रम के संक्रमण नियम। रमन प्रभाव, स्टोक तथा प्रतिस्टोक रेखाएँ, रमन और अवरक्त वर्णक्रम की पूरक प्रवृति, रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी की प्रायोगिक व्यवस्थाएँ, स्फुरदीप्ति और प्रतिदीप्ति।

4. ठोस अवस्था भौतिकी

जालकः जालक के प्रकार, जालक तल, सामान्य क्रिस्टल संरचानाएँ x–किरण विवर्तन का लॉउ (LAUE) का सिद्वान्त, ब्रेग का नियम, आवर्ती विभव के अन्दर इलेक्ट्रॉन, लगभग मुक्त इलेक्ट्रान प्रतिरूप (गुणात्मक), ऊर्जा बेण्ड, ऊर्जा अन्तराल, धातु , अर्द्वचालक, विधुतरोधी, अवस्था धनत्व, फर्मी ऊर्जा, फर्मी वेग। इलेक्ट्रान एवं विवर (holes) की गतिशीलता, हाल प्रभाव एवं हाल गुणांक।

5. नाभिकीय भौतिकी

मूलभूत नाभिकीय गुण, नाभिकीय बलो की सामान्य अवधारणा, नाभिकीय संसूचकों की कार्यप्रणाली, जी–एम गणित्र, अनुपातिक तथा प्रस्फुरण गणित्र, मेघ कोष्ठ, स्फुलिंग कोष्ठ, नाभिकीय अभिक्रियाएँ, नाभिकीय अभिक्रियाओं का Q–मान, नाभिकीय विघटन एवं नाभिकीय संलयन (अवधारणएँ) तारों में ऊर्जा का उत्पादन, संयुक्त नाभिक, सीधी अभिक्रियाएँ (अवधारणाएँ) शेल मॉडल, द्रव बूँद मॉडल।

गणित (कोड संख्या – 07)

प्रश्न पत्र – प्रथम

1. अमूर्त – बीज गणित

